राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः—एफ.2 (क)/नोटिस/2022—23/ 1348 – 1352 दिनांक— 27/09/2022

## कार्यमुक्ति आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश संख्या 68/2022—23 दिनांक 06.09.2022 द्वारा श्री सुनील कुमार गोयल (लिंक नम्बर 5191), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I का स्थानान्तरण कार्यालय सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर से कार्यालय कोषालय (सचिवालय), जयपुर में किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री गोयल द्वारा आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री गोयल को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **दिनांक 23.09.2022 को मध्याह्न पश्चात से एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते हैं कि श्री गोयल नवीन पदस्थापन स्थान पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल—jdp1-ta-rj@nic.in/दूरभाष संख्या 0141—2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

उक्त के अतिरिक्त श्री गोयल को निर्देश दिये जाते है कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों की पालना आदिनांक तक नहीं किये जाने के सम्बन्ध में **कारणों सहित अपना स्पष्टीकरण** 3 कार्यदिवसों के अन्दर निदेशालय को पत्र/ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रारम्भ कर दी जायेगी, सूचित रहें।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः—एफ.2 (क)/नोटिस/2022—23/ 1348 – 1352 दिनांक— 27/09/2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है—

1. अधीक्षक, सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर।
2. कोषाधिकारी (सचिवालय), जयपुर।
3. श्री सुनील कुमार गोयल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I, कार्यालय—सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
5. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—I)